राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने खोले के हनुमान जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की
प्रदेश की खुशहाली की कामना

जयपुर, 12 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार को जयपुर – दिल्ली हाइवे पर स्थित प्राचीन खोले के हनुमान जी के मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। राज्यपाल श्री मिश्र के साथ राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्रा ने भी पूजा अर्चना की। राज्यपाल ने प्रदेश की खुशहाली की कामना की। राज्यपाल श्री मिश्र ने दर्शन करने बाद प्रसादी ग्रहण की।

राज्यपाल ने कहा कि यह पावन स्थान है। यहां का वातावरण सकारात्मक है। मन मस्तिष्क में यहां सात्विक भाव जाग्रत होते हैं। इससे अच्छे काम करने का विचार बनता है। यह विचार ही लोगों को आगे बढाते हैं। इस स्थान पर स्वाभाविक रूप से हर कोई अपने आप खिंचा चला आता है।

समारोह में बार काउन्सिल के पदाधिकारियों ने राज्यपाल श्री मिश्र का अभिनन्दन किया। मंदिर पहुंचने पर राज्यपाल श्री मिश्र और श्रीमती मिश्र की मंदिर के सचिव श्री ब्रजमोहन शर्मा ने अगवानी की।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान